कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

पत्रांक 1314/27–7, दिनांक मसूरी 09–10 – 2017।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0, थत्यूड़,
(टिहरी गढ़वाल)।

विषय :– **जनपद–टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत हनुमान मन्दिर से स्यालसी–गोरण मोटर मार्ग (कुल लम्बाई–3.40 किमी0)के निर्माण हेतु अपेक्षित 0.8775 है0 वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत् गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0, अस्थाई खण्ड, थत्यूड़ को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव।**

सन्दर्भ :– आपका ई0डी0एस0 पत्रांक 728/21सी0 दिनांक 29–6–2017।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। अवगत कराना है कि विषयांकित वन भूमि आनलाईन प्रस्ताव में चस्पा किये जाने हेतु Geo- refrence digital Map & Total period for which the forest land is be divired in year को प्रपत्र–1 में आनलाईन अपलोड किया गया है तथा Geo- refrence digital Map की मूल प्रति इस कार्यालय को अग्रेतर कार्यवाही हेतु उपलब्ध करायी गयी है।

विषयांकित वन भूमि आनलाईन प्रस्ताव पर राज्य सरकार द्वारा चाही गयी दो बिन्दुओं पर सूचना /अभिलेख आनलाईन करते हुए उसकी हार्ड प्रति इस कार्यालय को अग्रेतर कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है किन्तु प्रयोक्ता एंजेन्सी द्वारा बार–2 उक्त सन्दर्भित पत्र को राज्य सरकार द्वारा चाही गयी ई0डी0एस0 का निराकरण मानते हुये आनलाईन अपलोड कर इस कार्यालय प्रेषित किया जा रहा है। जिससे समय की बर्बादी तथा वन भूमि प्रस्ताव पर सक्षम स्तर से वांछित स्वीकृति प्राप्त होने में अनावश्यक बिलम्ब हो रहा है।

आपसे दो बिन्दुओं पर वांछित सूचना /अभिलेख चाही गयी थी जिसका विवरण निम्नवत् है:–

1. प्रस्ताव की मूल प्रति जिसमें FRA, Digital Map, Geo-refrence Map भी सम्मिलित हो नोडल अधिकरी के कार्यालय में उपलब्ध कराते हुए उक्त की प्राप्ति मय समुहर दिनांकित हस्ताक्षरित Proof दस्तावेज प्राप्त कर आनलाईन की जानी है तथा हार्ड प्रति मूल में इस कार्यालय को अग्रेतर कार्यवाही हेतु उपलब्ध करायी जानी है।
2. आपके द्वारा आनॅलाईन प्रस्ताव में प्रस्तावक विभाग के स्तर से भरे जाने वाले प्रपत्र भाग–1 को अपलोड किया गया है, वह अपूर्ण है कृपया आनलाईन भाग–1 में उच्च स्तर से चाही गयी वांछित सूचना /अभिलेखों अपलोड करने के उपरान्त भाग–1 को पूर्णरूप से डाऊनलोड कर प्रस्तावक विभाग के सक्षम अधिकारी के समुहर हस्ताक्षर कर उसकी हार्ड प्रति मूल में इस कार्यालय को अग्रेतर कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराया जाय।

संलग्न – उक्तानुसार।

भवदीय

(प्रसन्न कुमार पात्रो)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

प्रशासनिक अधिकारी
मसूरी वन प्रभाग
मसूरी

पत्रांक 1314/12–1 तददिनांक।

प्रतिलिपि–जिलाधिकारी, टिहरी गढ़वाल को उक्त सन्दर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

(प्रसन्न कुमार पात्रो)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

प्रशासनिक अधिकारी
मसूरी वन प्रभाग
मसूरी